Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 08 सितंबर, 2023

ब्राइट स्टार-23

- **सरयू श्रेणी का** [नौसेना अपतटीय गश्ती पोत (NOPV)](), **INS सुमेधा** '**अभ्यास ब्राइट स्टार-23**' के लिये मिस्र के पोर्ट अलेक्जेंड्रिया पहुँचा।
- यह **मिस्र के पोत अलेक्जेंड्रिया में होने वाला एक बहुराष्ट्रीय त्रि-सेवा सैन्य अभ्यास** है।
    - इस सैन्य अभ्यास में 34 देश भाग ले रहे हैं, जिससे यह**मध्य-पूर्व तथा उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास** बन गया है।
- अभ्यास को दो चरणों में विभाजित किया गया है: **हार्बर चरण तथा समुद्री चरण**।
    - हार्बर चरण में क्रॉस-डेक दौरे, पेशेवर आदान-प्रदान, खेल कार्यक्रम तथा योजना संबंधी बातचीत शामिल हैं।
    - समुद्री चरण में जटिल तथा उच्च तीव्रता वाले अभ्यास जैसे क्रॉस-डेक उड़ान, सतह-रोधी व वायु-रोधी अभ्यास एवं लाइव हथियार फायरिंग अभ्यास शामिल हैं।

- **भारतीय नौसेना प्रथम बार अभ्यास ब्राइट स्टार में भाग ले रही है।**

महत्त्वपूर्ण खनिजों के लिये इंडोनेशिया ने जताई अमेरिकी व्यापार वार्ता की इच्छा

- इंडोनेशिया ने [महत्त्वपूर्ण खनिजों]() के लिये अमेरिकी व्यापार वार्ता की इच्छा जताई है।
    - इंडोनेशिया अपने विशाल **निकल भंडार** का लाभ उठाते हुए [इलेक्ट्रिक वाहनों]() और **उनकी बैटरियों के विनिर्माण क्षेत्र** में एक प्रमुख अभिकर्त्ता बनना चाहता है।
    - इंडोनेशिया **विश्व भर के 21 मिलियन मीट्रिक टन के सबसे बड़े निकल भंडार का उत्पादक और धारक** है।
- **महत्त्वपूर्ण खनिज** वे खनिज और धातुएँ हैं जिनका **उपयोग विशिष्ट औद्योगिक, तकनीकी तथा रणनीतिक उद्देश्यों के लिये किया जाता** है।
    - वे **हरित और डिजिटल अर्थव्यवस्था** तथा **सौर पैनल**, **इलेक्ट्रिक वाहन**, **पवन टरबाइन** व **विद्युत नेटवर्क** जैसे कई स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिये बिल्डिंग ब्लॉक हैं।
    - कोबाल्ट, कॉपर, गैलियम, जर्मेनियम, ग्रेफाइट, हेफनियम, इंडियम, लिथियम और निकेल महत्त्वपूर्ण खनिजों के कुछ प्रमुख उदाहरण हैं।

भारतीय राष्ट्रपति करेंगी एशिया प्रशांत मानवाधिकार सम्मेलन का उद्घाटन

[भारत की राष्ट्रपति](), **20 सितंबर, 2023 को दिल्ली** में **एशिया प्रशांत के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों (NHRIs)** के द्विवार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी।

- **एशिया प्रशांत फोरम (APF)** के साथ साझेदारी में [राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC)]() द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में **APF की 28वीं वार्षिक आम बैठक** का आयोजन भी शामिल है।
    - यह सम्मेलन [मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा]() की **75वीं वर्षगाँठ** को चिह्नित करेगा तथा [राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों]() एवं [पेरिस सिद्धांतों]() के **30 वर्ष** पूर्ण होने का उत्सव भी मनाएगा।
- NHRC **12 अक्तूबर, 1993** को अस्तित्व में आया, इसे 1993 के [मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम (PHRA)]() द्वारा स्थापित किया गया था, जिसे बाद में **वर्ष 2006 में मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम द्वारा संशोधित किया गया** था।

विश्व EV (इलेक्ट्रिक वाहन) दिवस

9 सितंबर को मनाया जाने वाला **विश्व EV दिवस**, इलेक्ट्रिक वाहनों (**EV**) के असंख्य लाभों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिये समर्पित एक वार्षिक कार्यक्रम है।

- सस्टेनेबिलिटी मीडिया कंपनी **ग्रीनTV ने सबसे पहले पहल की,** इसके बाद पहला **विश्व इलेक्ट्रिक वाहन दिवस वर्ष 2020 में मनाया गया।**
- यह दिवस **धारणीय परिवहन**, **कम उत्सर्जन के महत्त्व** और **जलवायु परिवर्तन से निपटने** तथा वायु गुणवत्ता में सुधार में इलेक्ट्रिक वाहनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर देने के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-08-september-2023